हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 19 जुलाई 2025

06 हर बार तारीख तय होने के बाद क्यों टलती है पीएम...



07 छह सालों से सावन माह में ऑनलाइन किया जा...





### जैन आराधना भवन के चातुर्मास में विराजित साध्वी प्रवचन से दे रहीं श्रद्धालुओं को ज्ञान

# नमस्कार महामंत्र में आत्मिक और भौतिक सुख देने की अपार शक्ति निहितः रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पुण्य से संसार चलता है, पुरुषार्थ से धर्म चलता है। संसार तो भटकाने वाला है, धर्म तिराने वाला है। इसीलिये मानव जीवन में धर्म करने का पुरुषार्थ करना चाहिये। जिसके मन के अंदर नवकार है संसार में उसका कोई अहित नहीं कर सकता है। नमस्कार महामंत्र में आत्मिक सुख के साथ भौतिक सुख भी देने की अपार शक्ति है।

उक्त प्रेरक विचार जैन आराधना भवन में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा. अपने प्रवचन के दौरान उपस्थित समाज जनों के समक्ष व्यक्त किये। नमस्कार महामंत्र की महिमा बताते हुवे साध्वी ने कहा कि इस महामंत्र के 68 शाश्वत अक्षर रुपी नाव ही मनुष्य को संसार सागर से पार लगा सकती है। यह एक ऐसी नाव है जो कभी भी डूबने वाली नही है। ऐसी नाव में बैठोगे तो आपकी मंजिल आपको अवश्य मिल जावेगी।

उन्होंने कहा कि मंत्र का संबंध मन से है और मन का संबंध मंत्र से है । मन भी शक्ति शाली है और मंत्र भी दोनो की शक्ति यदि एकरूप हो जाए तो शक्ति दोगुनी ताकतवर हो जाएगी। लेकिन दोनो









का एकरूप होना जरूरी हैं । जो हमारे मन को तार दे उसी का नाम मंत्र है। जिससे हमारे मन की स्थिति सुधर जाए वह मंत्र है। मंत्र के जरिये हम धर्म में प्रवेश कर सकते है। नमस्कार महामंत्र महान कल्याण कारी है, जो हमें ईश्वर या महान तत्व के प्रति नमन करने का भाव पेदा करता है। उन्होने कहा कि इस महामंत्र में पहले नमो शब्द आता है उसके बाद जिसे नमस्कार कर रहे है उस पद का नाम आता है सृष्टि के अंदर जितने भी अरिहंत परमात्मा हो गये उन सभी को इस मंत्र के द्वारा नमस्कार किया जाता है।

### नमस्कार महामंत्र की तीन दिवसीय अखंड आराधना से स्तंभन पार्श्वनाथ के अठ्म तप का आयोजन



**नलखेड़ा।** स्थानीय जैन समाज के चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधनाएं चल रही हैं। शुक्रवार से नमस्कार महामंत्र जाप की तीन दिवसीय अखंड आराधना के साथ स्तंभन पार्श्वनाथ के अठ्म तप व माता पद्मावती देवी की आराधना का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित साध्वी रत्ननिधि, पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना चल रही है। 16 जुलाई से श्रेणीक तप की तपस्या प्रारंभ हुई। शुक्रवार को जैन आराधना भवन में स- स्वर नमस्कार महामंत्र की तीन दिवसीय अखंड आराधना स्तंभन पार्श्वनाथ के अठ्म तप की आराधना के साथ प्रारंभ हुई। इसके पूर्व स्तंभन पार्श्वनाथजी की प्रतिमा अखंड जाप के लिए स्थापित करने के लाभार्थी कैलाशचंद, प्रेमचंद, प्रकाशचंद फाफरिया परिवार द्वारा तथा अखंड दीपक की स्थापना लाभार्थी हिम्मतमल रमेश कुमार फाफरिया परिवार ने विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ की गई। साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की पावन धरा पर प्रति शुक्रवार कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका माँ भगवती पद्मावती देवी की भव्य सामूहिक आराधना भी शुक्रवार से प्रारंभ हुई। आराधना में 80 श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया। जिनके द्वारा मां पद्मावती की प्रतिमा के समक्ष विधि विधान के साथ धूप, दीप, फल, नैवेध, अक्षत, पुष्प आदि से पूजन की गई। पद्मावती देवी की आराधना प्रति शुक्रवार को जैन उपाश्रय में प्रातः 10: 30 बजे से प्रारंभ होगी। जो लगातार नौ शुक्रवार तक चलेगी। प्रथम दिन की मां पद्मावती की पूजन व एकासना के लाभार्थी हिम्मतमल रमेश कुमार फाफरिया परिवार रहा। सभी श्रावक श्राविकाओं के एकासना जैन धर्मशाला में करवाए गए।

### पार्श्वनाथ प्रभु के अठ्म तप के प्रभाव से हर संकट का निवारण होता हैः म.सा.

रत्ननिधि म.सा. अपने प्रवचन के दौरान उपस्थित समाज जनों के समक्ष कहां कि जैन शासन में अठ्म तप का इतना प्रभाव है कि इससे हर संकट का निवारण होता है। परमात्मा के प्रति हमारी आस्था, श्रद्धा, भक्ति पूरे समर्पण के साथ होना चाहिए। हमारे भीतर जो क्रोध, मान, माया, लोभ, ईर्ष्या के जाले लगे हुए हैं, जब तक उन्हें साफ नहीं करेंगे मोक्ष पद की प्राप्ति नहीं हो सकती। साध्वी जी ने कहा कि पारस पत्थर लोहे को सोना बनता है, लेकिन पारस प्रभु तो अपने भक्तों को अपने सामान बना देते हैं। संकल्प बल व परमात्मा के प्रति प्रीति होगी तो हम भी सफलता को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक जीवन में विषय व विकार शांत नहीं होंगे हम शाश्वत सुखों को प्राप्त नहीं कर सकते। हमारी शक्ति को कषाय, विकार भावों के कचरे को दूर करने में लगाना चाहिए। पुरुषार्थ करेंगे तो सिद्धि अवश्य प्राप्त होगी। साध्वी जी ने कहाकि वर्तमान शासनपति भगवान महावीर है, लेकिन 24 तीर्थंकरों में जिनकी सबसे अधिक महिमा है वहां भगवान पार्श्वनाथ प्रभु है। देश में सबसे अधिक जिनालय भी भगवान पार्श्वनाथ के बने हैं।

## पोषण ट्रैकर ऐप पर कैप्चर नहीं हो रहा फेस, खड़ी हुई पोषण आहार की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच कुपोषण का खतरा बढ़ता जा रहा है, और इसके पीछे महिला बाल विकास विभाग की तकनीकी गड़बड़ी का हाथ है। पोषण ट्रैकर ऐप में आ रही समस्याओं के कारण महिलाओं को उनका टेक होम राशन नहीं मिल पा रहा है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

पोषण ट्रैकर ऐप में तकनीकी एरर के चलते कई महिलाएं अपनी पात्रता के बावजूद राशन प्राप्त नहीं कर पा रही हैं। इस स्थिति ने उनके लिए न केवल पोषण की गंभीर समस्या खड़ी कर दी है, बल्कि बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति भी चिंता का विषय बन गई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में सरकार एक सघन अभियान के तौर पर सभी के ई-केवायसी करा रही है। ई-केवायसी की प्रक्रिया आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी चल रही है। ई-केवायसी के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण आहर वितरण की प्रक्रिया में कुछ बदल किया है। इसके लिए पोषण ट्रैकर नाम से एक एप बनाया गया है। इस एप के जरिए न केवल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थित दर्ज हो रही है, बल्कि पोषण आहार भी इसी से वितरण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र से जब भी किसी हितग्राही को पोषण आहार का पैकेट देना होता है, पहले पोषण ट्रैकर पर उसका फेस कैप्चर करना पड़ता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बता रही हैं कि जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड में फोटो ज्यादा पुराने हैं, सॉटवेयर उनका फेस कैप्चर नहीं कर रहा है। उदाहरण के तौर पर किसी का सर्दी में टोपा लगे हुए फोटो आधार कार्ड में लगा है और अब उसका फोटो बिना टोपा के ऑनलाइन कैप्चर करना है तो वह नहीं होगा, जिसके चलते बहुत दिक्कत हो रही हैं। मैकप और बिना मैकप के फोटो भी पोषण ट्रैकर पर कैप्चर नहीं हो रहे हैं। यदि फोटो कैप्चर नहीं होंगे तो उन्हें टेक होम राशन नहीं मिल पाएगा। रोज अफसरों के पास ढेर शिकायत पहुंच रही हैं। बताया जाता है कि कुछ जगह तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण ट्रैकर पर फेस कैप्चर नहीं होने पर वीडियो बनाकर पोषण आहार के पैकेट बांट रही हैं।

### 50 हजार से ज्यादा हितग्राही

जिले में एक हजार 415 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग इनसे करीब 51 हजार 569 हितग्राहियों को पोषण आहार बांटता है। बीते दो महीने से पोषण आहार वितरण में काफी दिक्कत हो रही है। हालांकि, विभाग ने यह अपडेशन पोषण आहार वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, पोषण आहर का दुरुपयोग रोकने के लिए किया है, लेकिन शुरुआती दौर में इससे कार्यकर्ताओं को काफी दिक्कत हो रही है। अफसर बात रहे हैं कि इस एप से यह सभी सुनिश्चित होगा कि पोषण आहार संबंधित व्यक्ति को ही मिल रहा है, अभी सॉटवेयर नया है, इस वजह से दिक्कत आ रही है। आगे जैसे-जैसे सॉटवेयर अपडेट होता जाएगा, समस्याएं दूर हो जाएंगी। इस संबंध में पोषण ट्रेकर के जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी ज्ञानेश्वर खरे का कहना है कि पोषण ट्रैकर में ज्यादा कोई दिक्कत नहीं आ रही है। कुछ ऐसे लोग हैं, जिनके बहुत पुराने फोटो हैं, उनका फेस कैप्चर करने में दिक्कत हो रही है।

### ई-रेशम पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिला रेशम कार्यालय के क्षेत्रान्तर्गत विगागीय मलबरी रेशम उत्पादन के लिए कृषक योजनान्तर्गत ई-रेशम पोर्टल पर योजना के प्रावधानों का पठन कर उपयुक्त होने की स्थिति में आवेदन निर्धारित समयावधि में दर्ज करा सकते है। उप संचालक रेशम श्री योगेश कुमार परमार ने बताया कि दर्ज आवेदनों पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार चयन उपरांत प्रथकतः सूचित किया जावेगा। चयन पत्र जारी होने के पूर्व कृषक विभागीय योजनान्तर्गत दावेदार नहीं होंगे।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान में प्रोजेक्टर से बच्चों को दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों को मोटिवेट करने के लिए एक नवाचार किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम नई नई सीख प्रदान की जा रही है जिसके अंतर्गत बच्चों को प्रतिदिन का इतिहास समाचार और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी में करियर कैसे बनाये एवं अन्य प्रकार से मोटीवेट करने हेतु ऑडियो वीडियो के माध्यम से प्रोजेक्टर पर छोटी छोटी फ़िल्म दिखाकर मोटीवेट किया जा रहा है। जीवन में आने वाली समस्याओं से





कैसे आगे बढ़ना इस हेतु प्रतिदिन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया जा रहा।

इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी नागेश यादव द्वारा बच्चों को नशा मुक्ति हेतु वीडियो क्लिप के माध्यम से नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया और बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी प्रदान करते हुवे उनसे संवाद किया गया। उक्त गतिविधियों में विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र चौहान श्रुति प्रजापति अनिल बैरागी का विशेष योगदान रहता है।

## ग्राम भैसोंदा में हुआ विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन, दी कानूनी सलाह



**नलखेड़ा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा रविंद्र सिंह कुशवाहा के आदेशानुसार ग्राम पंचायत भैसोंदा में दो स्थानों पर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम भैसौदा स्थित पंचायत भवन एवं शासकीय हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नलखेड़ा, नितिन सोनी द्वारा निशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता योजना, नेशनल लोक अदालत, मानव तस्करी एवं बाल अपराध के संबंध में कानूनी जानकारी प्रदान की गई तथा उपस्थित लोगों एवं विद्यार्थियों के कानूनी संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए गए। शिविर का संचालन नायब नाजिर रवि शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर सरपंच अनीता पाटीदार एवं स्कूल प्राचार्य मुकेश वर्मा सहित शिक्षिकागण उपस्थित रहीं।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में 105 मरीजों की आंखों की हुई जांच, 27 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन

**नलखेड़ा।** समीपस्थ ग्राम गुदरावन में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 12वां नेत्र शिविर पाटीदार धर्मशाला में शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें 105 मरीजों के नेत्रों की जांच की गई। इनमे से 27 मरीज का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। ऑपरेशन वालों में 15 पुरुष व 12 महिला मरीज शामिल है। जिन्हें बस द्वारा आनंदपुर ले जाया गया। जहां भोजन ठहरना लाना ले जाना एवं लैंस फ्री डाले जाएंगे।



## कृषि उपज मंडी में पौधरोपण कर संरक्षण करने का लिया संकल्प

**नलखेड़ा।** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को कृषि उपज मंडी नलखेड़ा में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण इस कार्यक्रम में सुसनेर-नलखेड़ा एसडीएम सर्वेश यादव, मंडी सचिव आन्दीलाल राजपूत, विधायक प्रतिनिधि हिन्दुसिंह चांदना, इंस्पेक्टर रामचंद्र मालवीय, सोनी सुसनेर वाले, अनील शर्मा, अजीम भाई, मांगीलाल ओमप्रकाश अटेड़िया, गोपाल, प्रभुलाल, बालु माड़साब, पवन भिलाला, संदीप, प्रभुलाल कटारिया, मनोहर सोंधिया के साथ सभी मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कक्षा 10वीं व 12वीं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रारंभ

**नलखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 की परीक्षाओं संबंधी मार्गदर्शिका एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सांदीपनि विद्यालय के परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया ने बताया कि हाईस्कूल, हायरसेकंडरी नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु परीक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि 1 जुलाई से 15 सितंबर तक निर्धारित शुल्क 1200 रुपये है। जिन विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में स्वाध्यायी रूप में सम्मिलित होने है वे पात्रता अनुसार अपना नवीनतम फोटो नाम एवं दिनांक सहित एवं अर्हकारी आवश्यक दस्तावेज कक्षा 10वीं हेतु कक्षा 8वीं उत्तीर्ण परीक्षा अंकसूची या 10वीं अनुत्तीर्ण अंकसूची कक्षा 12वीं हेतु 10वीं उत्तीर्ण परीक्षा अंकसूची या 12वीं अनुत्तीर्ण परीक्षा अंकसूची आधार कार्ड समग्र आईडी आपार आई डी एवं बैंक खाता पासबुक छायाप्रति लेकर सांदीपनि विद्यालय के कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र में निर्धारित पूर्ति कर आवेदन की जाँच करवाकर एवं आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न कर अग्रेषण संस्था सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा से अग्रेषित करवाकर परीक्षा शुल्क 1200 रुपये एवं पोर्टल शुल्क 25 रुपये जमा करवाकर कियोस्क के द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। किसी भी दशा में बिना अग्रेषण संस्था के अग्रेषित किये बिना विद्यार्थी स्वयं कियोस्क द्वारा ऑनलाईन आवेदन नहीं कर सकेंगे।अग्रेषण संस्था द्वारा परीक्षा आवेदन अग्रेषित किये बिना आवेदन करने पर परीक्षा आवेदन निरस्त हो जाएगा।

### बेबस दिखती सड़कों पर नजर आती है निराश्रित गोवंश,आदेश कागजों तक सीमित

## रात में भी वाहन चालकों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

शहर से लेकर गांव तक गांव से लेकर सड़कों तक मवेशियों का संकट दिनों दिन गंभीर होता जा रहा है, नगर के मुख्य मार्ग आगर सारंगपुर रोड़ से लेकर नगर की सड़कों, गलियों और चौराहों पर निराश्रित गोवंश का झुंड देखा जाना आम बात हो गई है जो आमजन के लिए परेशानी का कारण बन गया है।सड़कों पर गोवंश का बैठना और तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक आ जाने वाले मवेशी न केवल खुद की जान को खतरे में नहीं डाल रहे हैं बल्कि वाहन चालकों के लिए भी बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं।

सड़कों पर बैठे मवेशी अकसर हादसों की वजह बन जाते हैं स्थिति इतनी भयानक हो चुकी है कि कई बार यह मवेशी राह चलते लोगों पर हमला भी कर देते हैं खास तौर पर बच्चों और बुजुर्ग के लिए और भी खतरनाक हो गया है इसी स्थिति को देखते हुए जिला कलेक्टर द्वारा टीएल बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए थे कि सड़कों पर घूम रही निराश्रित गोवंश को चिन्हित कर गौशाला भेजा जाए,इसके लिए सीएमओ,सीईओ जनपद और नगरी निकाय को जिम्मेदारी सौंप गई थी लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी बे सहारा गाय चौराहों और गलियों में बैठी नजर आती है। प्रदेश भर में गौ संरक्षण के लिए हर पंचायत और हम हर गांव में करोड़ों रुपए खर्च कर कर गौशालाएं बनाई गई है कानड़ में तीन गौशालाएं हैं साथ ही कानड़ क्षेत्र सहित कई गांव में गौशालाएं निर्मित है इसके बावजूद भी बे सहारा गाय सड़कों पर घूमती नजर आती है।



**कार्यालय नगर परिषद् नलखेड़ा जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**

क्रमांक / निर्माण/ ई-टेण्डरिंग/2025/216, 217 — नलखेड़ा, दिनांक 17-07-2025

// ई - निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नलखेडा द्वारा नीचे दिये निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने है। जिसकी ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल http:/mptenders.gov.in के माध्यम से यूए डी. डी. एस.ओ.आर. 02 अगस्त 2021 से लागू दर पर लमसम आधार पर आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | अनुमान पत्रक (लाख में) | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_438017_1 | वार्ड क्र. 10 में ऑगनवाड़ी बिल्डिंग निर्माण कार्य । | 10.00 | 7505 | 2000 | 03 माह |
| 2 | 2025_UAD_438043_1 | वार्ड क्र. 04 में सत्तारभाई के मकान से दुल्हेभाई टोस वाले के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 7.16 | 7164 | 2000 | 03 माह |

(1) सरल क्रमांक 01 : निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 17-07-2025 से 18-08-2025 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 18-08-2025 एवं उक्त निविदा दिनांक 20-08-2025 को ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जायेंगे। केवल उपरोक्त वेबसाइट से ही ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते हैं।

(2) सरल क्रमांक 02 : निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 17-07-2025 से 04-08-2025 निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 04-08-2025 एवं उक्त निविदा दिनांक 06-08-2025 को ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जायेंगे। केवल उपरोक्त वेब साइट से ही ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है।

नोट - निविदा की विस्तृत शर्ते एवं प्राक्कलन का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय में प्राप्त कर सकते है।

(अंतिम विजय सोनी)
अध्यक्ष
नगर परिषद् नलखेड़ा

(बाबूसिंह राजपूत)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् नलखेड़ा

## खबर संक्षेप

### भोलेनाथ के जयकारों के साथ निकलेगी कांवड़ और कलश यात्रा

**देवास।** शहर में शिवभक्तों के लिए एक विशेष धार्मिक आयोजन का शुभ अवसर आने वाला है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल द्वारा भगवान शिव को जल अर्पित करने हेतु कांवड़ यात्रा एवं कलश यात्रा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। अगस्त के प्रथम सप्ताह में निकलने वाली भव्य कावड यात्रा के दिव्य आयोजन को लेकर संयोजक प्रदीप चौधरी द्वारा बालगढ रोड स्थित गुजराती गार्डन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। चौधरी ने प्रेसवार्ता में कावड़ यात्रा से संबंधित विषयों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, नागदा से 3 अगस्त को प्रातः 9 बजे से कावड यात्रा शुरू होगी। जो बालगढ, विकास नगर, एबी रोड, सयाजीद्वार, शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए एबी रोड से बिलावली महादेव मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। चौधरी ने कहा कि इस वर्ष श्री गजानंद जी की पालकी के साथ, भजन मण्डली, डीजे, सिर पर कलश धारण किए मातृशक्ति व बालिकाएं आदि आकर्षण का केन्द्र रहेगी। कांवड़ यात्रा पश्चात भंडारे का आयोजन होगा।

### नशा नहीं करने की दिलाई शपथ

**देवास।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एचएन बाथम के नेतृत्व मे देवास यातयात पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। यातयात पुलिस प्रभारी पवन बागड़ी के मार्ग दर्शन में यातयात सूबेदार गोविंद सिंह गौड, उपनिरीक्षक भगवान सिंह दरबार, प्रधान आरक्षक दुर्गेश यादव, प्रधान आरक्षक गोपाल परमार, आरक्षक कुलदीप, आरक्षक बाबूलाल आदि ने बस स्टेण्ड परिसर में बस सहित अन्य वाहन चालको से नशा नहीं कर वाहनों चलाने की शपथ दिलाई।

## तीन बार तारीख तय होने के बाद भी नहीं हो सकी लॉटरी, आम जनता लाचार

# हर बार तारीख तय होने के बाद क्यों टलती है पीएम आवास योजना के भवनों की लॉटरी

पार्षदों ने आवेदकों के साथ निगम कार्यालय तक रैली निकाली और किया चक्काजाम। आवास योजना के लिए 1600 लोगों ने किया है आवेदन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम की संपदा शाखा अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत एएचपी ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 72 खाली पड़े आवासों का शुक्रवार को लॉटरी से आवंटन होना था। मेंढकी और बालगढ़ मल्टियों के लिए करीब 1600 आवेदक पहुंचे थे, लेकिन निर्धारित दिन और समय पर नगर निगम प्रशासन ने लॉटरी प्रक्रिया टाल दी। इससे नाराज सत्ताधारी पार्षदों का एक पक्ष और विपक्षी कांग्रेस पार्षदों ने आवेदकों के साथ निगम कार्यालय तक रैली निकाली और वहां चक्काजाम किया।







### खचाखच भरे भवन में आवेदक हुए परेशान

खचाखच भरे मल्हार स्मृति मंदिर में सुबह से बड़ी संख्या में आवेदक जमा हुए थे। परिसर में पैर रखने की जगह तक नहीं बची। पार्षदों का आरोप है कि तीसरी बार लॉटरी प्रक्रिया टाली गई और लोगों को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। इससे लोग कई घंटे तक आवेदक परेशान होते रहे। बड़ी संख्या में पहुंचें महिला और बच्चे सुबह से शाम तक परेशान होते रहे।

### 11 जुलाई को मिली थी स्वीकृति

शुक्रवार को पीएम आवासीय योजना अंतर्गत एएचपी ईडब्ल्यूएस श्रेणी में मकानों का आवंटन लॉटरी पद्धति से होना था, इसके लिए बकायदा निगम ने प्रेस नोट जारी कर सूचना दी थी। सूचना अनुसार शुक्रवार को मकानों का आवंटन होना था। तय समय के पूर्व सैकड़ों की संख्या में मल्हार स्मृति में लोग लॉटरी में भाग लेने पहुंचे। निगम की संपदा शाखा से 1600 लोगों को फोन किया गया। आवंटन समिति को 11 जुलाई को लॉटरी की स्वीकृति मिल गई थी, लॉटरी के लिए 18 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई थी। आवंटन समिति के पार्षद गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैंस, बाबू यादव, अनुपम टोप्पो, आलोक साहू की उपस्थिति में लॉटरी होना थी।

### तीन बार हुई लॉटरी निरस्त

तीन बार तारीख तय होने के बाद भी लॉटरी नहीं हो पाई। निगम की इस शैली के आगे आम जनता लाचार नजर आई।

बड़ा सवाल यह है, कि आखिरकार हर बार तारीख तय होने के बाद लॉटरी क्यों टलती है । इसके पीछे जवाबदारों के शुभ लाभ की बाते की जा रही हैं। श्रेय लेने के होड़ में आम जनता पीस रही हैं। जवाबदार अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते है।

### खाली पड़े आवासों की हो रही दुर्दशा

मेंढकी और बालगढ़ की मल्टियो के 72 आवासों की लॉटरी होनी है। एक वर्ष से अधिक समय से भवनों का आवंटन नहीं हो पा रहा हैं। निगम की अंदरूनी खटपट के कारण हितग्राहियों को मकान नहीं मिल पा रहे हैं। खाली आवासों की दुर्दशा हो रही है भवनों को लेकर संपदा शाखा के अधिकारी भी चिंतित है खाली पड़े मकानों के ताले तोड़ दिए जाते हैं और उनमें अवैध गतिविधियां संचालित की जाती हैं। ये आवास पूर्व में आवंटित हो चुके थे जिनमें कुछ खाली करवाए गए हैं कुछ को मकान मालिकों ने खुद खाली किया।

### सत्ताधारी पार्षदों को करना पड़ा विरोध

निगम के सत्ताधारी पार्षदों का एक गुट ने आवेदकों के साथ लॉटरी निरस्त करने का पुरजोर विरोध किया और आवेदकों की समस्या को अधिकारियों को।अवगत कराया। फोन पर जानकारी मिलने के बाद कांग्रेसी पार्षद भी प्रदर्शन के आखिरी समय में कूद पड़े, लेकिन सभी के विरोध के बाद भी लॉटरी नहीं की हो सकी। भाजपा पार्षद अजय तोमर ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को घर देने का प्रयास कर रही है, लेकिन निगम प्रशासन गंभीर नहीं है। हजारों लोग यहां जमा हुए और उन्हें बिना सूचना के लौटा दिया गया। कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार ने आरोप लगाया कि निगम भ्रष्टाचार में लिप्त है। बार-बार प्रक्रिया रद्द कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। नगर निगम की कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती ने कहा कि शासकीय कारणों से लॉटरी प्रक्रिया निरस्त करनी पड़ी। आवंटन फिर से किया जाएगा, इसकी सूचना दी जाएगी। घबराने की जरूरत नहीं है

## अतिथि सशर्त सुविधाओं के साथ ई अटेंडेंस के लिए होंगे सहमत

### तहसीलदार को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस का विरोध एवं अपनी लंबित मांगों को लेकर तहसीलदार नीरज प्रजापति, प्रिया भानपुरिया ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से ईअटेंडेंस का विरोध,12 माह सेवा काल 62 वर्ष तक, अतिथि शिक्षक का नियमितीकरण, समान कार्य समान वेतन, शिक्षक भर्ती में चार अंक प्रतिवर्ष के हिसाब से अनुभव के अंक जैसी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।शिक्षकों ने ज्ञापन में सशर्त ई अटेंडेंस लगाने की बात पर जोर दिया। अतिथि शिक्षक द्वारा बताया गया कि हम सरकार द्वारा ईअटेंडेंस का विरोध नहीं करते हैं 1 परंतु शासन नियमित शिक्षक के अनुसार लाभ जैसे आकस्मिक, मातृत्व अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश हमें प्रदान करें। साथ-साथ सभी अतिथि शिक्षक को स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान करें। यह सभी लाभ अगर अतिथि शिक्षक को मिलते है, तो शासन के आदेश का अतिथि शिक्षक स्वागत करेगा और नियमित रूप से ई अटेंडेंस लगाएगा ,परंतु अगर यह सभी लाभ अतिथि शिक्षक को नहीं मिलते है, तो हम ईअटेंडेंस लगाने में असमर्थ रहेंगे। ज्ञापन के दौरान ललित तिवारी,विजेंद्र सेंधव,पंकज पाटीदार,दीपक बागेला,दीपेश कानूनगो, धर्मेंद्र चौहान, हेमंत कारपेंटर,अरशद खान,ज्योति जाट,दीपिका तिवारी,जगदीश बागनिया,महेंद्र सिसोदिया,सोहन बामनिया, मोती डाबी सोनम राठौर,सपना सेंधव, दीपक बगाना अनेक अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा और शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। प्रशासन ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### नशा मुक्ति अभियानः बच्चों को दिलाई गई शपथ



**भौरासा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर एव मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक सम्पूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भौरासा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में आज नेवरी फाटे पर स्थित स्वामी विवेकानन्द कॉन्वेंट स्कूल, नराना में थाना प्रभारी प्रीति कटारे के व पुलिस स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को शपथ दिलाई गई।

## नगर वन में एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण






हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

वन विभाग द्वारा रेंज बागली में नगर वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश पर्यावरण सचिव ओमप्रकाश दायमा, रेंजर गजानंद बिरला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान नगर वन में वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर दायमा ने कहा की नगर वन में पौधे राशियों/नक्षत्र के अनुसार लगाए जाएंगे जिससे आम नागरिकों को अपनी राशि/नक्षत्र के अनुसार पौधों की पूजा करने के लिए आसानी से पौधे उपलब्ध हो सकेंगे। यह एक अनोखी और रचनात्मक पहल है जो न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी बल्कि लोगों को अपनी राशि/नक्षत्र के अनुसार पौधों की पूजा करने का अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने नगर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। नगर वन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में इको पर्यटन, वनों के प्रति जागरूकता एवं हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण करना है।रेंजर गजानंद बिरला ने कहा किनगर वन कार्यक्रम के उद्देश्य अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा और उनकी देखभाल की जाएगी।पौधों का चयन इस प्रकार किया जाएगा कि वे नगर की जलवायु और मिट्टी के अनुसार उपयुक्त हों। नगर वन में ऑक्सीजन पार्क अभी बनाया जाएगा जिससे नगर की वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और नगर की सुंदरता में वृद्धि होगी।कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कैलाश नगर एवं ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी हॉटपिपलिया के 100 विद्यार्थी एवं प्राध्यापक, कैलाश नगर समिति अध्यक्ष रामनिवास राठौड़ सहित फॉरेस्ट स्टाफ, सुरक्षा श्रमिक एवं समिति सदस्य मौजूद थे।

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने दिए सोनकच्छ तहसीलदार को शोकाज व रीडर का एक माह वेतन रोकने संबंधी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सोनकच्छ और तहसील कार्यालय सोनकच्छ में पहुंचकर यहां संपादित किए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सोनकच्छ व तहसील कार्यालय भवन में संचालित कार्यों का अवलोकन कर उपस्थित स्टाफ से संवाद कर जानकारी ली और कार्य संपादन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी मौके पर दिए। कलेक्टर ने एसडीएम न्यायालय और तहसील न्यायालय में चल रहे प्रकरणों का अवलोकन किया।

तहसील सोनकच्छ में प्रकरणों के अवलोकन के दौरान पाया गया कि तहसील कोर्ट में 58 आवेदनों को आरसीएमएस पोर्टल ऑनलाइन एक्सेप्ट नहीं किया गया ना ही उनके प्रकरण बनाये गये। सीमांकन प्रकरणों को बगैर सत्यापन के एक्सेप्ट कर लिया गया। सीमांकन प्रकरणों में नक्शे की त्रुटियां बताकर सीमांकन किये बगैर ही खारिज कर दिया गया। जिस पर कलेक्टर सिंह ने तहसीलदार सोनकच्छ संजय गर्ग को शोकाज नोटिस और रीडर तहसीलदार सोनकच्छ अतुल कचौले का एक माह का वेतन रोकने संबंधी निर्देश दिये।

सिंह ने एसडीएम सोनकच्छ प्रियंका मिमरोट को निर्देश दिये कि तहसील कार्यालय में लम्बित सभी प्रकरणों की जांच करें। सिंह ने सभी लम्बित प्रकरणों की जानकारी लेकर निर्देश दिये कि लम्बित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत किए जाए। जो भी पटवारी, आरआई कार्य में लापरवाही कर रहे है उनपर सख्त कार्यवाही करें। राजस्व संबंधी सभी मामलों का निराकरण समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## जिले में स्वाथ्य विभाग चला रहा है टीबी रोकने सघन अभियान

# 32 हजार 718 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग में मिले 254 टीबी के मरीज





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में सघन टी.बी. अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि अभियान अंतर्गत समस्त जिले में कैंप लगाकर हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा एक्स-रे किया जा रहे हैं तथा अस्पताल की ओपीडी में आने वाले समस्त मरीजों की स्क्रीनिंग कर टीबी के लक्षणो की जॉच की जा रही है एंव लक्षण पाए जाने पर खखार परीक्षण टेस्ट कर पॉजीटिव पाए जाने पर तत्काल इलाज प्रारम्भ किया जा रहा है। टी.बी. रोगियों के परिजनों के लिए भी बचाव हेतु आवश्यक टेस्ट एवं निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। जिले के सभी टी.बी रोगियों को डीबीटी की राशि के साथ-साथ निक्षय मित्रों द्वारा फूड बास्केट का वितरण जनभागीदारी और सीएसआर के माध्यम से किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. जेम्स बेक ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में शासन द्वारा निक्षय पोषण योजना में निक्षय मित्र बनाए जा रहे हैं।

टीबी मरीजो का उपचार के साथ साथ पोषण आहार भी आवश्यक है। इसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति निक्षय मित्र बनकर टी.बी. के मरीज को गोद लेकर 6 माह से लेकर अधिकतम तीन साल तक फुट बास्केट दे सकता है। निक्षय मित्र जनभागीदारी के अंतर्गत फूड बास्केट वितरित करना होती है। एक फूड बास्केट में शासन की गाइडलाइन के अनुसार 4 किलो आटा, 2 किलो तुअर दाल,1 किलो मूंगफली के दाने ,1 किलो भुना हुआ चना दिया जाता है जो कि 500 रुपए में बन जाती है। ये सभी कार्बोहाइड्रेट तथा प्रोटीन का सोर्स होते हैं जिससे कि वजन बढ़ने में सहायता होती है तथा मरीज जल्दी इलाज लेकर टी.बी. मुक्त होते हैं।

डॉ. अमरीन शेख जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि जिले में मई 2025 से सघन टी.बी. अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है जिले की कुल उच्च जोखिम जनसंख्या 3 लाख 86 हजार 347 है, अब तक 138 शिविर आयोजित कर 32 हजार 718 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी 5 हजार 646 एक्स-रे और 2 हजार 909 व्यक्तियों के खखार की जॉच की गई, जिसमें 254 व्यक्ति टी.बी पॉजिटिव पाए गए। जिले मे जनवरी 2025 से 1 हजार 184 टी.बी के मरीज मिले है इन सभी मरीजो को उपचार के साथ 1000 रूपये की राशि प्रतिमाह डी.बी.टी के माध्यम से जारी की जा रही है।

जिला प्रशासन जिले के अन्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की जनभागीदारी से अब तक 282 निक्षय मित्र बने। इनके द्वारा टी.बी.के मरीजो को फूड बास्केट वितरित किया जा रहा है जिसमें 4 कि.ग्रा. आटा,2 कि.ग्रा. मूंगफली दाना,1 कि.ग्रा. तुअर दाल तथा 1 कि.ग्रा. भुना हुआ चना दिया जा रहा है।

## अमलतास यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सीखी साइबर सुरक्षा की बारीकियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमलतास यूनिवर्सिटी, देवास में साइबर सुरक्षा एवं युवा जागरूकता पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के महत्वपूर्ण उपायों पर प्रकाश डाला गया। यह कार्यशाला देश के प्रख्यात आईपीएस अधिकारी डॉ. वरुण कपूर, स्पेशल डायरेक्टर, आरएपीटीसी इंदौर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। डॉ. कपूर द्वारा दिया गया व्याख्यान अत्यंत रोचक, विचारोत्तेजक और ज्ञानवर्धक रहा। उन्होंने छात्रों को साइबर क्राइम की बदलती प्रकृति, सोशल मीडिया सुरक्षा, डेटा प्रोटेक्शन और डिजिटल दुनिया में सतर्कता जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। शिक्षकों, छात्रों और संकाय सदस्यों ने इस सत्र से महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं, जो उनके व्यक्तिगत और शैक्षणिक जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी।इस कार्यशाला में अमलतास विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ.सलिल भार्गव,वॉइस चांसलर डॉ. शरद चन्द्र वानखेड़े , डीन डॉ.ए.के. पीठवा, रजिस्टार संजय रामबोले, अस्पताल निदेशक डॉ.प्रशांत ,पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद , एडिश्नल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया व महाविद्यालय के प्राचार्य, छात्र उपस्थित थे। अमलतास विश्वविद्यालय के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की अमलतास यूनिवर्सिटी परिवार डॉ. वरुण कपूर के प्रति उनके प्रेरक वक्तव्य और समाजहित में किए जा रहे सतत प्रयासों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के लिए सफाई कर्मचारियों ने की कड़ी मेहनतः विधायक

**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका सीहोर के देश में नंबर 6 और प्रदेश में नंबर 1 पर आने पर नागरिकों नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना सीएमओ सुधीर कुमार, स्वच्छता सभापति पार्षद मुकेश मेवाड़ा और समस्त पार्षदों सफाई कर्मचारी दरोगा और पूरी टीम को बधाई शुभकामनाएं दी है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश में शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान शहर से लेकर गांव तक पहुंच चुका है। हर नागरिक अपने आसपास स्वच्छ और साफ वातावरण चाहता है नगर पालिका परिषद सफाई कर्मचारियो सहित पूरी टीम का इस बड़ी उपलब्धि प्राप्त करने में बड़ा योगदान रहा है। विधायक राय ने कहा कि शहर के नागरिकों के सहयोग के बिना इतनी बड़ी उपलब्धि मिलन काफी मुश्किल था शहर के सभी 35 वार्डों के सम्माननीय नागरिकों ने भी इसमें तन मन धन से सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कैटेगरी में बांटकर केंद्रीय टीम के द्वारा गोपनीय सर्वे कराकर पारदर्शिता के साथ स्वच्छ नगर शहर के लिए नंबर दिए जाते हैं।

### काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गये है। संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राएं पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई 2025 को दिया जाएगा।

### सावन की शिवरात्रि पर करोड़ों घरों में किया जाएगा शिवलिंग का निर्माण

# छह सालों से सावन माह में ऑनलाइन किया जा रहा भव्य और दिव्य अनुष्ठान

### कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर एक बार फिर बनेगा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास में आगामी 23 जुलाई का आने वाली शिवरात्रि पर विश्व भर के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन अर्चन का आयोजन किया जाएगा। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने छत्तीसगढ के कोरबा में आयोजित शिव महापुराण के माध्यम से यह संदेश दिया गया था कि सावन के पवित्र मास में बुधवार को मासिक शिवरात्रि पावन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका रुद्राभिषेक किया जाएगा। सामूहिक रूप से किसी आराध्य की पूजा का तत्काल फल मिलता है। पूर्व में भी देश ही नहीं विश्व में भी श्रद्धालुओं के द्वारा करोड़ों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन किया गया था, इस साल उससे दूगना उत्साह दिखाई दे रहा है। हर रोज बड़ी संख्या में कावड लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर है और पूजा अर्चना कर रहे है। यहां पर नियमिति रूप से निशुल्क भोजन प्रसादी के अलावा शहर के अनेक स्थानों पर कांवड के श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क पेयजल, नश्ते और केले फलहारी की व्यवस्था की जा रही है। विठलेश सेवा समिति के द्वारा धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी बड़े पैमाने पर की गई है। समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि के द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शिव आराधकों के लिए महाशिवरात्रि का बड़ा महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि की मध्य रात्रि को ही भगवान शिवलिंग रूप में प्रकट हुए थे। माना जाता है कि इसी समय ब्रह्मा और विष्णु के द्वारा पहली बार शिवलिंग का पूजन किया गया था। परंतु एक वर्ष में एक महाशिवरात्रि और 11 शिवरात्रियां पड़ती हैं, जिन्हें मासिक शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। मासिक शिवरात्रि हर माह में एक बार आती है। इस तरह से 12 शिवरात्रि होती हैं। हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर शिवरात्रि मनाई जाती है, जिसे मासिक शिवरात्रि कहा जाता है। मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि का व्रत करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं और शास्त्रों के अनुसार देवी लक्ष्मी, सरस्वती, इंद्राणी, गायत्री, सावित्री, पार्वती और रति ने शिवरात्रि का व्रत किया था और शिव कृपा से अनंत फल प्राप्त किए थे।

पूर्व में पंडित श्री मिश्रा के एक आह्वान पर हर-हर महादेव, घर-घर महादेव की तर्ज पर देश ही नहीं विदेशों में बसे श्रद्धालुओं ने पूर्ण विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूर्ण रूप से जलाभिषेक किया गया था। इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ उक्त आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई बुधवार को चैनल पर लाइव, यू ट्यूब पर, फेसबुक पर लाइव रात्रि सात बजे से आठ बजे तक की जाएगी।

## 17.5 इंच बारिशः पिछले साल से 6.1 इंच ज्यादा, वॉटरफॉल में एंट्री पर लगाई रोक



**सीहोर।** इस साल 21 जून से अब तक 17.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। ये पिछले साल की इसी अवधि में हुई 1.4 इंच बारिश से ज्यादा है। पिछले 24 घंट में अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रहा। श्यामपुर में सबसे ज्यादा 1.77 इंच बारिश दर्ज की गई। बुधनी में 1.48 इंच, भेरूंदा में 0.24 इंच और सीहोर में 0.09 इंच गिरा पानी।

**झोलियापुर नाला-कोलार डैम में डूबकर 5 की हुई थी मौत :** प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर जिले के प्रमुख वॉटरफॉल और जलाशयों में सैलानियों के प्रवेश पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद रेहटी के पास झोलियापुर नाला और कोलार डैम में डूबने से इस सप्ताह पांच लोगों की मौत हो चुकी है। प्रशासन ने अब कई स्थानों पर बेरीकेड्स लगाए हैं और सुरक्षा बल तैनात किए हैं।

**बारिश जारी रहने की संभावना :** शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार, बादल छाए हुए हैं। कम दबाव का क्षेत्र, साइक्लोनिक सरकुलेशन सिस्टम और टर्फ लाइन सक्रिय होने से आगे भी बारिश जारी रहने की संभावना है।

### पीएम फसल बीमा योजना के तहत शीघ्र ही आवेदन करें

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के फसल बीमा लाभ के लिए शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों पर ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर किसानों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने के लिए किसान अपना आवेदन आधार कार्ड, बही की छायाप्रति, बचत बैंक खाता की छायाप्रति एवं खरीफ के लिए निर्धारित बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर प्रीमियम के साथ संबंधित राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला सहकारी बैंक मर्यादित तथा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर में जमा कराकर आवेदन कर सकते हैं और फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भीलखेड़ी सेक्टर कोठरी द्वारा ग्राम जाफराबाद में शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शीशम, पीपल ,नीम,के छायादार पौधों का रोपण किया गया कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जाफराबाद के अध्यक्ष दूल्लू सिंह जाटव शिक्षक विजय जयसवाल चंद्रशेखर, वीरेंद्र सिंह पटवारी अरुण मेवाड़ा उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया। ग्रामीणों की संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीण पौधे लगाए, साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प ले।

## जावर मंडल कार्यकर्ताओं ने शिवालय में स्वच्छता अभियान चलाकर लगया बेल पत्र का पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व नरेश मेवाड़ा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जावर मंडल द्वारा स्थानीय शिवालय मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बेल पत्र का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया एवं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, प्रेम सिंह महाकाल, धर्मेंद्र ठाकुर, राजू भावसार, राजेंद्र सेंधव, हरेंद्र विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, योगेश भावसार, तेज सिंह भाटी, गोविंदराम मालवीय, राहुल ठाकुर, प्रतीक भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, पवन मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मार्टिनेट स्कूल में चलाया जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

15 से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत थाना पार्वती के निरीक्षक हरि सिंह परमार एवं मार्टिनेट विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और छात्र छात्राओ को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। थाना निरीक्षक ने कहा कि नशा जीवन का नाश कर देता है। इससे दूर रहकर ही जीवन को संवारा जा सकता है, साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस लोगो को डराने के लिये नही बल्कि उनकी सुरक्षा और जनता के सहयोग के लिये है। इसलिये किसी भी विपत्ति की स्थिति में 100 नंबर डायल करके तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त करे। इसके बाद सभी विद्यार्थियों सहित उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। तथा सभी को 14446 नशा मुक्ति हेल्प लाईन नंबर की भी जानकारी दी। बालिकाओ को विशेष रूप से सतर्क और जागरूक रहने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर थाना पार्वती की टीम में उपनिरीक्षक सूरज नर्रे, आरक्षक शैलेन्द्र पटेल, नितिन वर्मा, गोपाल प्रजापति उपस्थित थे। साथ ही मार्टिनेट विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, एकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा, शिखा तिवारी वित्तीय प्रबंधक रेखा शर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर कुशल भूतिया, जुनेद अंसारी सहित शिक्षक अशोक महेश्वरी, पंकज ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, सुल्ताना अली, अंश अडगले, हेमंत पांडे आदि उपस्थित रहे। प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी द्वारा पुष्पमाला के साथ निरीक्षक महोदय हरि सिंह परमार का स्वागत किया गया। आयोजन का संचालन एवं आभार अतुल सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया।

### ई-अटेंडेंस का विरोध, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जावर।** ई-अटेंडेंस के विरोध में सड़क पर आया अतिथि शिक्षक जावर प्रदेश भर के शासकीय विद्यालयों में न्यूनतम मानदेय पर सेवा देने वाले अतिथि शिक्षक ई अटेंडेंस का विरोध किया है। अतिथि शिक्षकों की माने तो लोक शिक्षण संचनालय द्वारा एक पत्र जारी कर ई अटेंडेंस लगाना अनिवार्य कर दिया है। जबकि अतिथि शिक्षकों को 10 माह का वेतन दिया जाता है। अटेंडेंस के विरोध में अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि नियमित शिक्षकों की तरह हमें भी टैबलेट, 12 माह का सेवाकाल, चिकित्सा अवकाश और ऐच्छिक अवकाश दी जाए। तब हम पर भी नियम अनुसार ई अटेंडेंस लागू की जाए। हमारी मांगों पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी दिनों में अतिथि शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर संकुल केंद्र के समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

## खेड़ापुरा में धरना शुरू, बोले रोड नहीं तो वोट नहीं, चुनाव का करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



सीहोर जिले की जावर तहसील की पंचायत मेहतवाड़ा के खेड़ा पुर गांव रोड ना होने की वजह से पूरा गांव परेशान है कई वर्षों से लगातार जनप्रतिनिधियों को एवं अधिकारियों को आवेदन एवं ज्ञापन देते आ रहे हैं लेकिन उनका दुख कोई भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी दूर नहीं कर पा रहा है इससे दुखी होकर कुछ दिन पूर्व खेड़ा पुरा गांव के लोग क्षेत्रीय विधायक से भी मिले थे। जिन्होंने जल्द निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन सड़क बनाने को लेकिन आज तक गांव में किसी प्रकार की कोई सड़क नहीं बन पाई है। बरसात के वक्त खेड़ा पूरा एक टापू की तरह बन जाता है पूरे गांव का संपर्क मुख्य नगरों से टूट जाता है ऐसे में कई बार बीमार बुजुर्गों को एवं गर्भवती महिलाओं को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार गांव के लोग चारपाई पर पीड़ित लोगों को लेकर गए हैं। पूरा गांव नेताओं जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन देकर थक चुका है। इसलिए गांव के ही पुरुषों और महिलाओं ने गांव में ही धरना प्रारंभ कर दिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक रोड नहीं बनेगा तब तक किसी को भी वोट नहीं दिया जाएगा।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में तीन दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# आषाढ़ की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का हुआ अवतरणः महादेवानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नेशनल हाईवे स्थित आश्रम प्रांगण में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम दिवस वेदमन्त्र प्रवचन भजन, महाआरती व भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम व द्वितीय दिवस पौधरोपण के साथ ज्ञान प्रश्नोत्तरी, तृतीय दिवस सनातन धर्म, गुरुकुल आधारित बृह्मज्ञान की दीक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

आध्यात्मिक कार्यक्रम में महाराजश्री की कृपा से स्वामी महादेवानन्द एवं नई दिल्ली मुख्ययालय से साध्वी दिव्य योगा भारती को सेवा का सौभाग्य मिला। गुरुपूर्णिमा के पर्व के अवसर पर दिव्य गुरू आशुतोष महाराज जी दिव्य कृपा से स्वामी महादेवानन्द ने प्रवचन उद्गार में बताया कि शताब्दियों पूर्व आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का अवतरण हुआ था। वही वेदव्यास जी जिन्होंने वैदिक ऋचाओं का संकलन कर चार वेदों के रूप में वर्गीकरण किया था । 18 पुराण 18 उप- पुराण उपनिषद बृह्मसूत्र महाभारत आदि अतुलनीय ग्रन्थों को लेखनीबद्ध करने का श्रेय भी इन्हीं को जाता है। ऐसे महान गुरुदेव के ज्ञान सूर्य रश्मियों में जिन शिष्यों ने स्नान किया। उन्होंने अपने गुरूदेव के मंगलमय पुण्यमयी अवतरण दिवस को पूजन का दिन चुना। यही कारण है कि इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। प्राचीनकाल में गुरूपूर्णिमा के दिन गुरुकुल में प्रवेश मिलता था। इसी प्रवेश के दिन शिष्य गुरू की शरण में जाकर ज्ञान-ज्योति की प्रार्थना करते थे। दूसरा गुरूपूर्णिमा की मंगल बेला में ही छात्रों को स्नातक उपाधि प्रदान की जाती थीं। यानि एडमिशन डे एवं कन्वोकेशन डे गुरूपूर्णिमा को ही हुआ करता था।



वैज्ञानिक तथ्य भी है कि इस दिन अल्ट्रावॉयलेट रेज़ फैल जाती हैं। इसलिए शरीर और मन संतुलित हो जाता है। इससे भूख मन व नींद का बिखराव कम हो जाता है। ध्यान साधना के लिए उत्तम है। इस दिन योग्य शिष्यों को जीवन का परम ध्येय ईश्वर साक्षात्कार की दीक्षा भी दी जाती थी। वैज्ञानिक जगत ने विज्ञान के कई आविष्कार किये हैं । पर ईश्वर की खोज कभी नहीं कर पाया। ईश्वर साक्षात्कर भौतिक विज्ञान का विषय नहीं अध्यात्म विज्ञान का विषय है। इसके लिए ऋषि संत गुरू रूपी वैज्ञानिक चाहिए। ईश्वर मन बुद्धि वाणी इंद्रियों से परे है। जहाँ विज्ञान की सीमा का अंत होता है, वहाँ से ज्ञान का क्षेत्र शुरू होता है। जिस दिन शिष्य को गुरू द्वारा ईश्वर तत्व का साक्षात्कार करवाया जाता है। वह साधक हेतु वैज्ञानिक उत्कर्ष का दिन होता है। यह वैज्ञानिक परम्परा गुरुकुल व्यवस्था को जन्म देती है। जिसमें साधक शिष्यों को सनातन धर्म की पाठशाला में एडमिशन दिया जाता है। जिसकी साधना ध्यान से शरीर मन बुद्धि चैतन्य हो जाते हैं। धारणाएँ संदेह भृम शंका आशंकाएं सब दूर हो जाते हैं। शरीर मन बुद्धि में ओज, मन में विश्वास का उदय होता है। जो जीवन को सही दिशा की ओर लेकर जाता है। स्वामी रामतीर्थ गणित के प्रोफेसर थे। स्वामी विवेकानन्द जी विज्ञान के श्रेष्ठ विद्यार्थी थे। ठाकुर रामकृष्ण परमहंस जी की शरण में उन्हें आत्म-साक्षात्कार हुआ। कार्यक्रम में सुंदर भजनों के साथ सुंदर विचारों का समन्वय अद्भुत था। गुरुदेव के दिव्य पूजन व महाआरती में भक्तजनों के श्रद्धा भावना से नेत्र सजल हो उठे। दीक्षा ध्यान शिविर का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुदेव की दिव्य कृपा से जिज्ञासु भक्तजनों ने ईश्वर के अविनाशी दिव्य स्वरूप का तत्व रूप से हृदय में दर्शन कर आनन्दित हुए।

कार्यक्रम के अंत में भंडारा प्रसाद प्रबंध व वितरण की सेवा बड़ी उत्सुकता से की गई। जिसके लिए द्वारकाप्रसाद पटेल ग्राम माना, नारायण सिंह मीना शिवधाम कॉलोनी, कैलाश चंद्रवंशी, संजय सिंह रामप्रकाश सिंह शिक्षक बन्धुओं की ओर से की गई। साजो श्रंगार की सेवा मुकेश दांगी, शकरन सिंह गोगी भैया की ओर से रही। उत्कृष्ट सेवाकार्य में चंद्रपाल राणा शिक्षक जगदीश मंत्रीजी बद्री मुनीम, चिकित्सक मनीष चन्द्रावत रामस्वरूप नेताजी, विष्णु प्रसाद पाटीदार ने भाग लिया। थान सिंह जी बमूलिया, किशोर भाई, हृदयेश पँचाल शिक्षक, रामस्वरूप नेताजी विष्णु पाटीदार, गोविंद सिंह यशराज, भैरूंदा व भोपाल, छीपानेर, लकुमड़ी, घिचलाय कुरावर मंडी श्यामपुर इत्यादि क्षेत्र से भक्तजन उत्तम सेवाकार्य में सहयोगी बने। प्रेमकिशोर मीणा सामाजिक नेतृत्वकर्ता सहित कई गणमान्य हस्तियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की हृदय से सराहना की। श्यामपुर स्थित आश्रम में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को दोपहर 1 से 4 बजे तक सतसंग भजन व ज्ञान प्रश्नोत्तरी और भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## विधायक गोपाल इंजीनियर को ग्रामीणों ने बताई गांव की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

परोलिया से देवस्थान मालीपुर तक का रास्ता जिसमें कीचड़ होने के कारण वहां आने वाले श्रद्धालुओं स्कूल के बच्चे को बड़ी परेशानी होती है इसलिए जनसुनवाई में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को देव दरबार समिति मालीपुर और ग्रामवासी की तरफ से आवेदन दिया गया। जिसके दौरान विधायक ने परोलिया से मालीपुर के रास्ते पर दो डंपर चूड़ी भेजने का आश्वासन दिया और सचिव मानसिंह ठाकुर से भी बातचीत हुई कि आप मालीपुर का रास्ता देखकर उसको सही करवाइए। इसी दौरान सरपंच के द्वारा भी दो डंपर गिट्टी का बोला गया। जल्द ही विधायक ने यहां भी बताया है कि वह परोलिया से देवस्थान मालीपुर तक सीसी रोड का प्रस्ताव भी दिया गया है सभी लोगों ने विधायक से कहा है कि जल्दी से जल्दी इस पर सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू करवाइए। इस दौरान देव दरबार समिति राधेश्याम पडियार, विक्रम सिंह कप्तान, विक्रम सिंह ठाकुर, धूल सिंह पडियार, कमल सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, भंवर सिंह ठाकुर, राजा ठाकुर सरपंच, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, पंकज ठाकुर, सरदार सिंह, त्रिलोकसिंह ठाकुर, कृष्ण पाल ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, अंकित ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, श्रवण सिंह ठाकुर, राजपाल सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, देव दरबार समिति और ग्राम मालीपुर के सदस्य उपस्थित थे।

## एनएच-52 पर बामलाबे जोड़ के समीप गुरुवार को हादसा, ड्राइवर मृत

# यात्री बस में ट्रॉले ने पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, 25 घायल

### घायलों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे राज्यमंत्री पंवार सहित एसपी, कलेक्टर





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़-ब्यावरा

शहर से होकर गुजरे हाईवे पर बीते एक पखवाड़े में आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। गुरुवार सुबह फिर से हुए एक हादसे में ट्राले की टक्कर से यात्री बस पलटी मार गई। इस हादसे में राजगढ़ निवासी बस चालक की मृत्यु हो गई वहीं 25 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर विद्युत विभाग में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी हैं जिनका हाल ही में राजगढ़ से ब्यावरा ट्रांसफर किया गया था।

बामलाबे जोड़ पर हुए इस हादसे के तुरंत बाद आसपास एकत्रित लोगों सहित पुलिस ने सभी घायलों को ईलाज के लिए तुरंत ब्यावरा चिकित्सालय भिजवाया। ब्यावरा सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त 12 घायलों को राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कुछ गंभीर घायल भोपाल भी रेफर किए गए हैं। दुर्घटना की खबर मिलते ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, एसडीएम गीतांजली शर्मा सिविल अस्पताल पहुंची और घायलों के त्वरित ईलाज की व्यवस्था करवाई। राज्यमंत्री श्री पंवार ने घटनास्थल का भी निरीक्षण करते हुए पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही घायलों का हाल-चाल जानने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी भी जिला चिकित्सालय पहुंचे।

#### हाइवे पर निर्मित ब्रेकर बने हादसे की वजह

जानकारी के अनुसार साईंकृपा टैवल्स की बस गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे राजगढ़ से ब्यावरा जा रही थी। बस में कईं यात्री सवार थे। बस के बामलाबे जोड़ पहुंचने पर हाईवे पर बने स्पीड ब्रेकरों को देख बस चालक ने बस को धीमे किया। इस दौरान पीछे से अंध गति से आ रहे भारी वाहन ने बस में टक्कर मार दी जिसके चलते बस पलटी खा गई। बस के नीचे दबने से चालक छोटेलाल मेवाड़े निवासी पचोर हाल मुकाम राजगढ़ की मृत्यु हो गई वहीं अन्य यात्री घायल हो गए।

#### 25 घायल जिनमें से 12 राजगढ़ रेफर

इस दुर्घटना में लगभग 25 लोग घायल हुए हैं जिनका प्राथमिक उपचार ब्यावरा में किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 12 घायलों को राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया वहीं अन्य का ईलाज ब्यावरा में ही जारी है वहीं कुछ घायल भोपाल रेफर किए गए हैं। राजगढ़ जिला चिकित्सालय में ईलाजरत घायलों में सुनील पिता रमाकांत तिवारी निवासी सतना, वसीम पिता बशीर खान निवासी राजगढ़, मंजू पत्नी जीतेंद्र वर्मा, पवन पिता राजेश नामदेव राजगढ़, सुनील पिता रमेशचंद्र मेवाड़े निवासी राजगढ़, लोकेंद्र पिता खेमचंद जाटव निवासी दाताग्राम, अभिजीत पिता पवन मेवाड़े निवासी नागर मोहल्ला राजगढ़, मोहम्मद इकबाल पिता हाफिज निवासी गंज राजगढ़, सत्यनारायण नामदेव नागर मोहल्ला राजगढ़, फेजल खान निवासी पीटी कंपनी राजगढ़, राकेश वर्मा निवासी बाराद्धारी राजगढ़, अभिषेक पिता जीवन बनावड़े निवासी राजगढ़ शामिल हैं।

# नगर के सेवाभावी गोवंश को हादसे से बचाने के लिए लगा रहे रेडियम पट्टी

### युवाओं की अनूठी पहल, सड़कों पर ढूंढ रहे मवेशी



**राजगढ़।** बारिश के इस मौसम में नगर की सड़कों पर बेसहारा मवेशियों की संख्या रोजाना बढ़ती ही जा रही है। दरअसल, ग्रामीणजन अपनी फसलों को इन मवेशियों से बचाने उन्हें शहरी सीमा में छोड़कर जा रहे हैं। ऐसे में ये बेसहारा गायें व अन्य गौवंश हाईवे सहित अन्य सड़कों पर बैठ जाते हैं। रात के अंधेरे में सड़कों पर बैठे ये गौवंश वाहन चालकों को नजर नहीं आ पाते और इस कारण वे दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में इन गायों व अन्य गौवंश को हादसों से बचाने नगर के कुछ सेवाभावी युवकों ने पहल करते हुए गौवंश के सीगों पर रेडियम की पट्टियां लगाना शुरू किया है।

वाहनों की हेडलाईट रेडियम पट्टी पर पड़ने से उससे निकली चमक से ये गायें वाहन चालकों को दिख जाया करेंगी और मवेशियों के घायल होने की संभावना काफी हद तक रुक जाएगी। इन सेवाभावी युवकों की टीम में नयन विजयवर्गीय, कुलदीप सिंगी, दीपक शर्मा, चेतराम गुर्जर, नवीन राजपूत, लक्की, बिट्टा बना, यश सक्सेना, नवीन नामदेव, कुलदीप पिपलोटिया सहित अन्य युवक शामिल हैं। पशुओं के उपचार सहित रेडियम इत्यादि लगाने के इस पुनीत कार्य में नगर के कुछ प्रबुद्धजनों ने आर्थिक सहायता भी की है।

# पीएम आवास में गड़बड़ी, भाजपा-कांग्रेस पार्षद एकजुट

**सारंगपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 136 पात्र हितग्राहियों की सूची में अनियमितताओं को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पार्षदों ने एक साथ विरोध दर्ज कराते हुए अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्षदों ने मांग की कि आवास योजना के हितग्राहियों की सूची में गंभीर गड़बड़ियों की वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम द्वारा पुनः स्थल निरीक्षण कर जांच की जाए। साथ ही, दावा-आपत्ति की समयसीमा को बढ़ाया जाए, ताकि वास्तविक पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके। ज्ञापन में विशेष रूप से गरीब, निर्धन, वरिष्ठ नागरिक, विधवा महिलाएं, कर्मकार मंडल श्रमिक, सफाईकर्मी एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देने की मांग की गई है। पार्षदों ने उल्लेख किया कि राज्य शासन द्वारा 17 मार्च 2025 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्रता की दोबारा समीक्षा कर आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती, तो जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती भावना निलेश वर्मा पार्षद शकीला बी शफीक अंसारी पार्षद समीर मेव पार्षद नासेरा बी आशिक मंसुरी पार्षद दुर्गा बाई राठौर पार्षद मोहम्मद अली , पार्षद नाजो बी कमरुद्दीन कुरेशी, पार्षद इरफान अली, पार्षद राकेश पुष्पद पार्षद कमल शर्मा, पार्षद श्रीमती सिद्दी बाई बागवान पार्षद श्रीमती रुकमणी भानु लववंशी मौजूद थे।

## निकायों को मिली अलग-अलग रैंक

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नरसिंहगढ़ रहा अव्वल तो ब्यावरा फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत पिछले दिनों विभिन्न एजेंसियों द्वारा कईं मापदंडों पर जिले के निकायों में स्वच्छता का परीक्षण करते हुए नंबर्स दिए थे। अलग-अलग कैटेगरी के तहत कुल 12 हजार के स्कोर में जिले के 14 निकायों ने राष्ट्रीय सहित राज्य स्तरीय रैंक में बेहतर रैंक पाई है। दोनों स्तरों पर नरसिंहगढ़ निकाय अव्वल तो ब्यावरा निकाय फिसड्डी साबित हुआ है। राष्ट्रीय रैंक के लिहाज से बात करें तो नरसिंहगढ़ को 23वीं रैंक, खिलचीपुर को 47वीं रैंक, सुठालिया को 48 वीं रैंक, राजगढ़ को 122 वीं रैंक, छापीहेड़ा को 148 वीं रैंक, जीरापुर को 159 वीं रैंक, तलेन को 166 वीं रैंक, सारंगपुर को 174 वीं रैंक, पचोर को 202 वीं रैंक, माचलपुर को 226 वीं रैंक, खुजनेर को 246 वीं रैंक, बोड़ा को 309 वीं रैंक, कुरावर को 344 वीं रैंक एवं ब्यावरा को 803 वीं रैंक हासिल हुई है।

#### राज्य स्तर पर मिली यह रैंक

राज्य स्तरीय रैंक के हिसाब से नरसिंहगढ़ को 39 वीं रैंक, खिलचीपुर को 48 वीं रैंक, सुठालिया को वीं रैंक, राजगढ़ को 155 वीं रैंक, छापीहेड़ा को 117 वीं रैंक, जीरापुर को 194 वीं रैंक, तलेन को 136 वीं रैंक, सारंगपुर को 209 वीं रैंक, पचोर को 239 वीं रैंक, माचलपुर को 171 वीं रैंक, खुजनेर को 186 वीं रैंक, बोड़ा को 234 वीं रैंक, कुरावर को 261 वीं रैंक एवं ब्यावरा को 367 वीं रैंक हासिल हुई है।

## मॉडल स्कूल में छात्रों को साइकिल वितरण किया

**नरसिंहगढ़।** स्थानीय मॉडल स्कूल में आज शासन की योजना के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना विद्यार्थियों की शिक्षा में सहूलियत प्रदान करने हेतु बनाई गई है, जिससे दूर-दराज के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार, शिव वैध, सतेंद्र सिंह राठौड़, मुन्ना साहू सहित स्कूली स्टाफ, विद्यार्थी ओर अन्य मौजूद थे।

# उद्योगों के विस्तार और नीतिगत लाभों पर कार्यशाला का किया गया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्रालय, मध्यप्रदेश एवं उद्योग विभाग राजगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को मांगलिक भवन सारंगपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (ातडच) योजना के अंतर्गत लघु उद्योग भारती के सहयोग से संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य उद्यमियों को उद्योग विस्तार, सरकारी योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के फायदों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजन में लघु उद्योग भारती इकाई सारंगपुर के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे तथा विशेष अतिथि के रूप में उद्योग विभाग की महाप्रबंधक श्रीमती सीमा सोलंकी, असिस्टेंट मैनेजर रमेश साहनी, गोविंद मार्सकोले, महाविद्यालय प्रचार्या ममता खुईया सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इसमें रवि वर्मा ने योजना के अंतर्गत मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं दिल्ली म्क एवं स्म्छ टीम से आए हेमंत झा ने ळमड पोर्टल, उत्पाद पंजीकरण प्रक्रिया, सर्टिफिकेशन की आवश्यकता और उसके व्यवसायिक लाभों पर प्रकाश डाला। इसमें उद्यमियों, महिला प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

## पचोर में आबकारी की कार्रवाई

# 23 हजार रुपए मूल्य की 115 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त



**सारंगपुर।** राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी है। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को पचोर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी लखन लाल ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी पवन टिकेकर के नेतृत्व में की गई। वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा पचोर क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी गई। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए। इन प्रकरणों में 115 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 23,000 आंकी गई है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अंकित चैहान तथा आरक्षक शिवम पचाई, रत्नेश परिहार एवं दिव्यवंशी ने पर सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे ने बताया कि अवैध मदिरा के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# पुलिया पर टक्कर, कार और एक्टिवा नीचे गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



हरिपुरा पुलिया के पास बुधवार की शाम एक कार और एक्टिवा की भिड़ंत हो गई। निवासी बालाजी इकोसिटी एक्टिवा सवार 28 वर्षीय ईशिता पुत्री अशोक श्रीवास्तव अपने मौसेरे भाई मोहित पुत्र डीके खरे बासौदा के साथ घर जा रही थी। तभी सामने आ रही कार से टक्कर हो गई। हरिपुरा पुलिया पर हुए इस एक्सीडेंट में कार और एक्टिवा दोनों नाले में जा गिरे। मौके पर निकल रहे राहगीरों ने घायलों को निकालकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां से दोनों को भोपाल रेफर किया है। कार चालक की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चला रहा व्यक्ति कार से निकलकर चला गया। कार और एक्टिवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**नरसिंहगढ़।** स्थानीय महाविद्यालय परिसर में ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसडीएम सुशील कुमार एवं एसडीओपी राजीव चतुर्वेदी भी विशेष रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि मां के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम भी है।विधायक मोहन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।इस मौके पर भरत झंवर, शिव वैध, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सतेंद्र राठौड़, मुन्ना साहू, राजू जड़यिा, अभिषेक गुप्ता, ललित शर्मा, राजकुमार वर्मा सहित महाविद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और सभी ने मिलकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## बाबा बैजनाथ महादेव की शाही पालकी यात्रा लेकर बैठक संपन्न

**नरसिंहगढ़।** बाबा बैजनाथ महादेव की शाही पालकी यात्रा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव को लेकर नगर के धर्मशाला हनुमान मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक श्री मोहन शर्मा ने की।बैठक में आगामी आयोजन की रूपरेखा, पालकी यात्रा की भव्यता, सुरक्षा व्यवस्था, शोभायात्रा मार्ग पर भव्य स्वागत की तेयारियो को लेकर चर्चा की गई। इस दोरान आगामी 4 अगस्त चैथे सोमवार पर विधिविधान से शाही पालकी यात्रा परम्परागत रुप से निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान शहर में 29 अगस्त से चार सितंबर तक स्टेडियम ग्राउंड में होने वाले सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि आयोजन के लिए सर्वसम्मति से समितिया बनाकर आयोजन सम्पन्न किया जाएगा। इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे और सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, मांगों की उठी आवाज

# हमारे पास एंड्राइड मोबाइल ही नहीं है तो कैसे लगाएंगे ई-अटेंडेंस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर बीते अनेकों सालों से आंदोलन प्रदर्शन करते आ रहे जिले के अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेन्स के प्रति अपना विरोध जाहिर किया है। अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले गुरुवार को जिले के अनेकों अतिथि शिक्षक मुख्यालय पहुंचे और नियमितीकरण की मांग सहित ई-अटेंडेन्स के विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अनिल शर्मा को सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर एवं जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि जब तक शासन हमें नियमित न करे तब तक हमारे शिक्षक एप पर ई-अटेंन्डेंस व्यवस्था को अतिथियों पर न थोपा जाए। अतिथियों ने बताया कि हम बहुत अल्प मानदेय पर विभाग में काम करते हुए जैसे-तैसे अपना गुजारा कर रहे हैं। अतिथि शिक्षकों के पास तो एन्ड्राइड मोबाइल नहीं है जिससे वे ई-अटेंडेन्स दर्ज कर सकें।

#### 12 साल से किया जा रहा हमारा शोषण

ज्ञापन में उल्लेख है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने अतिथि शिक्षकों की महापंचायत के दौरान सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित करने का वादा किया था। चुनाव के बाद भाजपा की सरकार आ गई लेकिन इसके बाद भी शासन और सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है। हमारी मांग है कि जल्द हमें नियमित करते हुए ई-अटेंडेन्स बंद किया जाए। इसमें संघ उपाध्यक्ष भारत तोमर, सौरभ शर्मा, गायत्री भिलाला, सोनाली सोनी, सलीम अंसारी, कुमेर सिंह, दिलीप तोमर, धनसिंह तंवर, राजकुमार, मनीष पाटीदार, बृजमोहन, घनश्याम सेन, जगदीश वर्मा, अनिल शर्मा सहित सैकड़ों अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

## अतिथियों ने सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# कलेक्टर से मिले निजी स्कूल संचालक, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के बैनर तले जिले के निजी स्कूल संचालकों ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए उन्हें अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय एवं सचिव राकेश पांडे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने नियम विरुद्ध कोचिंगों का संचालन किया जा रहा है जिन पर कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि विद्वान बेरोजगार रोजगार से लग सकें। ज्ञापन में ब्यावरा का हवाला देते हुए उल्लेख किया गया कि कुछ सरकारी स्कूलों ने अपने स्वयं के निजी स्कूल संचालित कर रखे हैं जिनमें बच्चों को डमी एडमीशन दिया जा रहा है और वे बच्चे दूसरी जगहों पर कोचिंग कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमानुसार नियमित परीक्षा में विद्यार्थी की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है लेकिन डमी एडमीशन वाले बच्चों के दूसरे शहरों में कोचिंग करने के बाद भी उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति कुछ स्कूलों द्वारा दर्ज की जा रही है। डमी एडमीशन के कारण विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों, अनुशासन, खेल-कूद इत्यादि से वंचित रह जाते हैं। इसके साथ ही ब्यावरा एवं जीरापुर में कुछ सरकारी शिक्षक पार्ट टाईम निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, जिन पर रोक की आवश्यकता है।

#### आरटीई की राशि जारी करने की भी मांग

एक अन्य ज्ञापन में मांग रखी गई कि वर्ष 2023-24में आरटीई के तहत एडमीशन वाली राशि हेतु सभी स्कूलों द्वारा प्रोपोजल तैयार कर नोडल अधिकारी से वेरीफिकेशन करवाया जा चुका है। इसका भुगतान 10 जुलाई तक किया जाना तो जो अभी तक नहीं हो पाया है। स्कूल संचालकों ने शीघ्र ही उक्त भुगतान करवाने की मांग रखी है।